SANJEEV KUMAR

Digitally signed by SANJEEV KUMAR
Date: 2024.03.06 16:13:28 +05'30'

दैनिक भास्कर

जमशेदपुर 15-01-2024

राजकीय महिला पॉलीटेक्निक गम्हरिया में वार्षिक खेल महोत्सव स्फूर्ति में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया

भास्कर न्यूज | गम्हरिया

राजकीय महिला पॉलीटेक्निक गम्हरिया में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव स्फूर्ति 2024 शनिवार को समापन हो गया। संस्थान की छात्राओं के बीच तरह-तरह की खेल प्रतियोगिताएं हुई। इसमें काफी संख्या में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्थान की ओर से सभी विजेता एवं उपविजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान कबड्डी में जोग रानी की टीम विजेता जबकि लक्ष्मी यादव की टीम उपविजेता रही। बैडमिंटन में विजेता साक्षी व उपविजेता भारती, 100 मीटर रेस में विजेता पुष्पिता व उपविजेता प्रिया सरदार, रिले रेस में विजेता सागी पार्था व उपविजेता आर अंजलि, जलेबी रेस में विजेता सोनम कुमारी, लेमन एंड स्पून रेस में पुष्पिता, बैलून ब्रास्टिंग में विभा कुमारी, नीडल एंड थ्रेड में श्रुति, थ्री लेग रेस में सागी पार्था व आर अंजलि, म्यूजिकल चेयर में भूमि कुमारी विजेता रही। खो-खो खेल में वॉरियर ग्रुप (मैकेनिकल ब्रांच), पीटटो में साइनिंग स्टार (इसीई) विजेता बनी जबकि क्रिकेट में आर्किटेक्चर की टीम विजेता तथा यात्रिकी की टीम उपविजेता रही। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य डॉ संजीव कुमार ने कहा कि छात्राएं अपनी खेल प्रतिभा का अनुशासित ढंग से प्रदर्शन किया जो काबिले तारीफ है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में भी इसी प्रकार अनुशासन बनाए रखने की अपील रही। पूरे खेल के दौरान डॉ दिलीप कुमार की टीम स्वास्थ्य देखभाल करने के लिए मुस्तैद रही। इसे सफल बनाने में संस्थान के प्रो राजेश प्रसाद, सुबोध कुमार, बिहारी गोंड, विष्णु शंकर सिंह, शिव सागर प्रसाद समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

SANJEEV KUMAR

Digitally signed by SANJEEV KUMAR
Date: 2024.03.06
16:13:51 +05'30'